प्रभात खबर

# ऑपरेशन स्पूरियस के तहत कार्रवाई, गया जी में 20 लाख की नकली दवाएं और फिजिशियन सैंपल बरामद




गया जी में जिला औषधि नियंत्रक (ड्रग कंट्रोलर) की टीम ने बुधवार को मुरारपुर (पांच खाने गली) इलाके में एक बड़ी रेड करते हुए करीब 20 लाख रुपये की नकली दवाएं और फिजिशियन सैंपल जब्त किए हैं.

यह पूरी खेप एक किराये के मकान में अवैध रूप से चलाए जा रहे गोदाम में छिपाकर रखी गई थी. इस काले कारोबार का मुख्य सरगना व धंधेबाज लक्ष्मण कुमार मौके से फरार होने में कामयाब रहा, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस और विभाग की टीम लगातार दबिश बना रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/gaya/fake-medicines-worth-20-lakh-seized-murarpur